**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**23.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार साहसिक फैसलों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती दे रही है और हिमाचल देश का अग्रणी प्राकृतिक खेती राज्य बनकर उभर रहा है। उन्होंने आज शिमला में कहा कि प्रदेश की लगभग 90 फीसदी आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और करीब 54 फीसदी लोग प्रत्यक्ष रूप से कृषि व इससे जुड़े कार्यों पर निर्भर है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने 9 लाख 61 हज़ार किसान परिवारों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए किसान हितैषी योजनाओं का एक व्यापक ढांचा लागू किया गया है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य में अभी तक लगभग 2 लाख 23 हज़ार किसान व बागवान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से उगाई गई फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है।

**चौहान–जी राम जी**

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि रोजगार सृजन और व्यापक ग्रामीण विकास के लिए पर्याप्त निधि सुनिश्चित करने हेतु विकसित भारत जी राम जी योजना के अंतर्गत एक लाख 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक का आबंटन प्रस्तावित किया गया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि श्रमिकों को अब 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के नाम पर एक बार फिर देश को गुमराह करने का जानबूझकर प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह योजना एक प्रगतिशील कदम है और काम उपलब्ध न होने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ता प्रदान करने के प्रावधान को भी और मज़बूत किया गया है।

**सुरेश कश्यप**

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है और भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। उन्होंने आज प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला में स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत जल्दी ही दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। इस कार्यशाला का आयोजन भारतीय खाद्य सुरक्षा व मानक प्राधिकरण द्वारा किया गया। सांसद ने बताया कि केंद्र सरकार ने स्ट्रीट वेंडर्ज़ के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं और उनके लिए पीएम स्वनिधि योजना शुरू की गई है। इसके माध्यम से 10 हज़ार से 50 हज़ार रूपये तक का ऋण बिना किसी गारंटी के 7 फीसदी ब्याज़ दर पर दिया जा रहा है।

**जयराम ठाकुर**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर केंद्र प्रायोजित योजनाओं को सही ढंग से संचालित करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए केंद्र सरकार ने अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं, लेकिन ज़मीनी स्तर पर मरीज़ों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूरा प्रदेश मैडिकल व पैरा–मैडिकल स्टाफ की कमी से जूझ रहा है और राज्य सरकार खाली पड़े पदों को भरने के लिए कोई कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई हैं और मरीज़ों को ईलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। जयराम ठाकुर ने पिछले कल आई.जी.एम.सी. शिमला में हुई मारपीट की घटना को लेकर भी सरकार व प्रशासन को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अव्यवस्था, भीड़, काम का अधिक दबाव और प्रशासनिक लापरवाही ऐसी घटनाओं को जन्म दे रही है।

**आईजीएमसी**

आई.जी.एम.सी. शिमला में पिछले कल एक मरीज़ के साथ हुई मारपीट की घटना का राज्य सरकार ने कड़ा संज्ञान लिया है और मारपीट में संलिप्त रेज़िडेंट डॉक्टर को निलंबित कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने बताया कि इस मामले की विस्तृत जांच के लिए सरकार ने एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की है। उन्होंने कहा कि मरीज़ों के खिलाफ इस तरह का व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा।

...............................................................................................................................................................
.